# वेदांता के नंद घर में बच्चों के पोषण में माओं की अहम भूमिका, 15 लाख भोजन तैयार

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। भारत में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। इस मौके पर वेदांता ग्रुप अपने प्रमुख सामाजिक कार्यक्रम नंद घर के जरिए बता रहा है कि समुदाय की भागीदारी से बच्चों के पोषण को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है। नंद घर आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्रों का एक नेटवर्क है, जहां बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण, शुरूआती शिक्षा और महिलाओं को आगे बढ़ाने पर ध्यान दिया जाता है। नंद घर के पोषण कार्यक्रम में मदर्स फूड प्रिपरेशन



प्रोग्राम की खास भूमिका है। इसके तहत माएं घर के बाहर भी अपने बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य में योगदान देती हैं। वे नंद घर में बच्चों के लिए ताजा और स्वादिष्ट खाना बनाती हैं। आज नंद घर 18 राज्यों में 15,000 से ज्यादा केंद्रों के जरिए करीब 5 लाख बच्चों और 4 लाख महिलाओं तक पहुंच रहा है। इस मौके पर नंद घर की सीईओ शशि अरोड़ा ने कहा पोषण तभी लंबे समय तक बना रह सकता है, जब समुदाय को इसे रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने के लिए सक्षम बनाया जाए।